## एक नजर में

### जल गंगा संवर्धन अभियान में नाला सफाई और वाटर कूलर का किया उद्घाटन



**मंदसौर।** जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद नारायणगढ़ एवं मल्हारगढ़ द्वारा स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा अभियान के तहत वार्ड, बस्ती, मोहल्लों सहित मुंदेडी रोड एवं मल्हारगढ़ रोड पर नालों की साफ-सफाई का कार्य कराया गया। इस दौरान जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने एवं स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसी क्रम में नगर परिषद मल्हारगढ़ के वार्ड क्रमांक 11 गांधी चौक पर जन सहयोग से स्थापित वाटर कूलर का विधिवत शुभारंभ किया गया। साथ ही आसपास क्षेत्र में साफ-सफाई भी कराई गई। अभियान के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया तथा जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया गया।

### रोटरी क्लब मंदसौर का दो दिवसीय 'संकल्प पथ' का आयोजन आज से

**मंदसौर।** रोटरी मंडल 3040 के तत्वाधान में दो दिवसीय भव्य प्रशिक्षण शिविर ''संकल्प पथ'' का आयोजन आज 28 मार्च से मंदसौर में किया जा रहा है। रोटरी क्लब मंदसौर की मेजबानी में आयोजित इस शिविर का नेतृत्व आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठारी कर रहे हैं। इस शिविर में डिस्ट्रिक्ट 3040 रीजन-2 के 11 क्लबों के 100 से अधिक निर्वाचित पदाधिकारी एवं (वर्ष 2026-27 के अध्यक्ष व सचिव) सम्मिलित हो रहे हैं। इवेंट चेयरमैन सीए दिनेश जैन, अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सचिव कपिल भंडारी और सहायक मंडलाध्यक्ष संजय गोठी ने बताया कि आज 28 मार्च शाम रोटरी सदस्यों के लिए एक भव्य संगीत संध्या का भी आयोजन किया गया है। तथा कल 29 मार्च को इस वृहद शिविर में क्लब मैनेजमेंट, सेवा कार्यों और रोटरी की वैश्विक योजनाओं के संबंध में विशेष प्रशिक्षण व जानकारी दी जाएगी। वर्तमान मंडलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा वर्चुअली कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। साथ ही पूर्व मंडलाध्यक्षों एवं बाहर से पधार रहे अतिथियों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। रोटरी क्लब मंदसौर ने रोटरी सदस्यों एवं पदाधिकारी सदस्यों से इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने का आग्रह किया है।

### कलेक्टर ने लगाया अवैध परिवहन के 2 प्रकरणों में 59 हजार से अधिक जुर्माना

**नीमच।** कलेक्टर हिमाशु चंद्रा द्वारा अवैध खनिज परिवहन के 2 प्रकरणों में कुल 59 हजार 375 की शास्ति अधिआरोपित की गई हैं। कलेक्टर श्री चंद्रा ने म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक महेश पिता किशनलाल अहीर निवासी ग्वालटोली जिला नीमच द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 5625 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 30 हजार 625 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। इसी तरह अनावेदक अवैध परिवहनकर्ता वाहन मालिक गोपाल पिता प्रभुलाल प्रजापत निवासी सीतामउ जिला मंदसौर द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर खनिज रायल्टी का 15 गुना अर्थशास्ति राशि 3750 रूपए एवं पर्यावरण क्षतिपूर्ति 25 हजार रूपये इस प्रकार कुल 28 हजार 750 रूपए की शास्ति अधिरोपित की हैं। खनिज विभाग द्वारा रेत खनिज का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर, प्रकरण पंजीबद्ध कर, कलेक्टर न्यायालय नीमच में प्रस्तुत किए गए थे।

# आठ दिनी जैन संस्कार शिविर में 90 से ज्यादा का किया सम्मान



**मंदसौर। जिन शासन गौरव, प्रज्ञानिधि आचार्य भगवंत विजयराजजी मसा की पावन प्रेरणा एवं शासन विदुषी महासती मणिप्रभाजी म. सा. की आदि ठाणा 8 की पावन निश्रा एवं सानिध्य में दिनांक 20 मार्च से 26 मार्च तक अष्ठ दिवसीय जैन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। कल शुक्रवार को नवकार भवन मंदसौर पर इस शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें बालक व बालिका वर्ग में इस शिविर में शामिल हुए लगभग 90 शिविरार्थियों का सम्मान किया गया तथा शिविर में हुई गतिविधियों के अनुसार उन्हें अलग अलग ग्रुपों में चयनित कर उनका बहुमान किया गया।**

शिविर के समापन अवसर पर सकल जैन समाज अध्यक्ष श्री लोकेंद्र जैन गोटावाला, श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ मंदसौर अध्यक्ष श्री विमल पामेचा, महामंत्रीगण श्री शेखर कासमा, भूपेंद्र भंडारी, श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ राष्ट्रीय महामंत्री विरेन्द्र जैन सीए, युवा संघ अध्यक्ष विनोद मेहता (रतनश्री), महिला संघ अध्यक्ष किरण नलवाया, बहु मण्डल अध्यक्ष रेखा निर्विकार रातडिया, समाजसेविका प्रीति पामेचा भी मंचासीन थे। शिविर के समापन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल हुए सभी अतिथियों ने सभी 90 शिविरार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं आकर्षक गिफ्ट देकर सम्मानित किया। शिविर समापन कार्यक्रम में हंस कुमार जैन नगरीवाला, दिनेश पटवा, अजय जैन गरोठवाला, संघ कोषाध्यक्ष हस्तीमल जैन (मुन्नाभाई), राजेश भटेवरा, मणीलाल पामेचा, निर्विकार रातड़िया (राष्ट्रीय मार्गदर्शक शांत क्रांति युवा संघ), विकास पामेचा, राजेन्द्र पामेचा, कांतिलाल राठडिया, सुरेन्द्र जरक, दिनेश जैन गरोठवाला, राकेश जैन कोचेटा, सुनील मेहता नीमच, सुरेश लोढा, अनोखीलाल नलवाया सहित बड़ी संख्या में श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ के श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

शिविर समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में श्रीसंघ अध्यक्ष विमल पामेचा ने कहा कि आचार्य विजयराजजी के आशीर्वाद से साध्वी मणिप्रभाजी म. सा. की पावन निश्रा में यह शिविर जो आयोजित हुआ वह ऐतिहासिक रहा। शिविर में मंदसौर ही नहीं अपितु नीमच, चित्तौड़गढ़ सहित पूरे मालवा मेवाड़ अंचल के बच्चों ने भागीदारी की। बालक व बालिका वर्ग में यह शिविर 8 दिन तक आयोजित हुआ। शिविर के आयोजन में शिविर संयोजक विकास जैन कोचेटा, शिविर संयोजिका श्रीमती अंजना कोचेटा का भरपूर सहयोग हा। शिविर के आयोजन में बच्चों के आवास, भोजन एवं स्वल्पाहार आदि व्यवस्था के लिये संघ के कई श्रावक श्राविकाओं ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। श्रीसंघ अध्यक्ष होने के नाते मैं सभी के प्रति आभारी हूँ। इस शिविर में आने वाले शिविरार्थियों ने मोबाइल, टी.वी. देखने का पूरा त्याग किया तथा प्रतिदिन सामायिक, प्रतिक्रमण आदि धार्मिक क्रियाये की। यहां जो विद्यार्थी सीखकर जा रहे है वे इन शिक्षाओं को आत्मसात करें तथा जीवन में जो भी व्यसन बुराईया है उनसे सदैव दूर रहे। शिविर में बालिका वर्ग ने भी बढ़चढ़कर भागीदारी की तथा पुरे 8 दिवस शिविर में रहकर बहुत कुछ सीखा। मैं सभी शिविरार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम का संचालन अजय जैन गरोठवाला ने किया तथा आभार संघ के राष्ट्रीय महामंत्री श्री विरेन्द्र जैन सीए ने माना।

# हनुमंतिया में जल मंदिर का उद्घाटन, समिति ने जल संवर्धन के महत्व पर की विस्तृत चर्चा

**मंदसौर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मल्हारगढ़ ब्लॉक के सेक्टर 4 के ग्राम हनुमंतिया में जल मंदिर (प्याऊ) का उद्घाटन किया गया। समिति ने जल संवर्धन के महत्व पर चर्चा के लिए एक विशेष बैठक भी आयोजित की।**

इस कार्यक्रम में स्थानीय प्रस्फुटन समिति और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी की। मुख्य प्रतिभागी: प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सीताराम दहना, सचिव लाल सिंह, सदस्य कन्हैया लाल, और संस्था सचिव राधिका तिवारी मौजुद रहे। संस्था का उद्देश्य: 'जल शक्ति से नव भक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत जल संरचनाओं का संरक्षण और भीषण गर्मी में आमजन के लिए शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करना है। विशेष



गतिविधि: इस अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान (19 मार्च -30 जून 2026) के अंतर्गत जल के संरक्षण और आगामी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। यह पहल मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमति तृप्ती बैरागी के मार्गदर्शन के अनुसार 'जल शक्ति से नव भक्ति' गतिविधि का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य ग्राम स्तर पर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाना है।

**एक नजर** — पुस्तकों पर 15फीसदी, कॉपियों पर 30 और गणवेश पर 10% रियायत

# संजय गांधी उद्यान में भव्य पुस्तक मेला1 से 5 अप्रैल तक

**मंदसौर।** जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक पं. मदनलाल जोशी सभागार (संजय गांधी उद्यान) मंदसौर में विशेष पुस्तक एवं स्टेशनरी मेला आयोजित किया जाएगा। मेले का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन कलेक्टर अदिती गर्ग के निर्देशन में किया जा रहा है, जिससे निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को रियायती दरों पर पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जा सके।

मेले में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकों पर प्रिंट रेट से 15% तक की छूट प्रदान की जाएगी, जबकि ह्रष्टश्वक्रञ्ज की पुस्तकें नेट रेट पर उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा सभी प्रकार की कॉपियों पर 30% तक की छूट दी जाएगी। इसी के साथ निजी विद्यालयों की गणवेश, टाई एवं मौजों पर भी 10% की रियायत दी जाएगी, जिससे अभिभावकों को आर्थिक रूप से राहत मिलेगी।

पुस्तक मेले में ऑक्सफोर्ड, पियरसन, नवनीत, नेक्स्ट एजुकेशन, मैकमिलन, ओरिएंटल, ब्लैकस्वान, श्व-ष्ठ, गुडलक सहित अन्य प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में स्टेशनरी एवं पुस्तक विक्रेता संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निर्णय लिया गया है कि मेला अवधि के दौरान शहर की दुकानों पर पुस्तकों का विक्रय नहीं किया जाएगा।

### 'पुस्तक बैंक' भी होगा स्थापित

विशेष पहल के रूप में मेले में 'पुस्तक बैंक' भी स्थापित किया जाएगा, जहां अभिभावक एवं विद्यार्थी अपनी पुरानी उपयोग में नहीं आ रही पुस्तकें जमा कर सकेंगे। इन पुस्तकों को जरूरतमंद विद्यार्थियों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिले के समस्त अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे इस पुस्तक मेले का लाभ उठाकर रियायती दरों पर शैक्षणिक सामग्री क्रय करें।

## नीमच

## एक नजर में

### पतंजलि योगपीठ के तत्वावधान में नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन



**नीमच।** स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में 29 मार्च को एक दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होगा। जूही जैन ने बताया कि यह विशेष इंटीग्रेटेड योग शिविर प्रात: 6.00 बजे से 7.30 बजे तक आईकेएफ टर्फ एकेडमी, टीआईटी कॉलोनी, नीमच में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी आयु वर्ग के नागरिकों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिविर में प्रतिभागियों को मोटापा, मधुमेह, कमर दर्द, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं कमजोरी जैसी समस्याओं से राहत के लिए प्रभावी योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सरल, सहज एवं वैज्ञानिक योग अभ्यास सिखाए जाएंगे, जो हर आयु वर्ग के लिए उपयोगी होंगे। कार्यक्रम के दौरान अनुभवी आयुर्वेदिक वैद्य द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त, ऊर्जावान और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। 'योग अपनाएं - रोग भगाएं, स्वस्थ एवं सुखी जीवन पाएं' के संदेश के साथ यह आयोजन जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है।

### केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 के छात्र देवांश शर्मा ने 5वीं में हासिल किए 84 प्रतिशत अंक



**नीमच:** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2, नीमच के होनहार छात्र देवांश शर्मा ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में घोषित कक्षा 5वीं के वार्षिक परीक्षा परिणामों में देवांश ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और विद्यालय में हर्ष का माहौल है। देवांश की यह सफलता कोई संयोग नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वह अपनी पढ़ाई में बेहद निरंतर और अनुशासित हैं। वह प्रतिवर्ष अपनी कक्षा में उच्चतम अंक लाकर लगातार अपने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। पढ़ाई के प्रति उनकी यह निरंतरता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत है। परीक्षा परिणामों के अनुसार, देवांश ने सभी प्रमुख विषयों में बेहतरीन अंक अर्जित किए हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय के शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया है। आज के दौर में जहां बच्चों का ध्यान डिजिटल माध्यमों की ओर आसानी से भटक जाता है, वहां देवांश ने अपनी नियमित दिनचर्या और एकाग्रता के दम पर अपना यह शानदार ट्रैक रिकॉर्ड कायम रखा है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने देवांश के इस निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। शिक्षकों का कहना है कि वह कक्षा में हमेशा एक मेधावी और सक्रिय छात्र रहे हैं।

# श्रीराम नवमी पर श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली रैली

**जय श्रीराम के जयकारे से गूंजा मार्ग, जगह-जगह पुष्पवर्षा से हुआ भक्तों का स्वागत**

**नीमच।** श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय रघुवंशी नायक समाज महासंगठन, नीमच के तत्वावधान में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया।

रैली में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

रैली का शुभारंभ सांवलिया सेठ मंदिर से हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गोंकृफव्वारा चौक, कमल चौक और टैगोर मार्ग से होते हुए राजू बिल्डिंग के सामने स्थित राम मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

रैली में शामिल वाहन भगवा ध्वज और धार्मिक पताकाओं से सजे हुए थे। इस दौरान श्रद्धालु 'जय श्रीराम' के जयघोष के साथ भजनों पर झूमते नजर आए। पूरे आयोजन में अनुशासन और उत्साह का विशेष संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह रघुवंशी सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। श्रीराम नवमी पर आयोजित इस भव्य रैली ने धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही समाज में एकता, श्रद्धा और उत्साह का संदेश भी दिया। शहरभर में हुए सैकड़ों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।



### रामनवमी पर भक्ति का माहौल, श्रीराम मंदिर में अभिषेक

नीमच। रामनवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज नीमच द्वारा प्राचीन श्रीराम मंदिर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत प्रात: 8 बजे भगवान श्रीराम का विधि-विधान से अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे परिसर अत्यंत मनोहारी दिखाई दिया। मध्यान्ह 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के शुभ अवसर पर जन्मोत्सव आरती उतारी गई। इस दौरान भजन-कीर्तन हुए और मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में माहेश्वरी समाज के पदाधिकारी, समाजजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर प्रमुख सत्यनारायण तोतला एवं समाजजनों ने बताया कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी पर श्रीराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

# श्रद्धालुओं की कार पुलिया से गिरी एक की मौत, दो भाई सुरक्षित

**नीमच में ड्राइवर को नींद की झपकी आने से हादसा**

**नीमच।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम चलदू में देर रात एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मंडफिया (सांवरिया जी) दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार दो अन्य युवक मामूली रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम भंगोलिया खींची निवासी तीन भाई सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए कार से निकले थे। उन्होंने रास्ते में सांवलिया होटल पर भोजन किया और फिर अपनी यात्रा जारी रखी। रात करीब 12:30 बजे जब वे चलदू के पास पहुंचे, तो चालक को अचानक नींद की झपकी आ गई। इससे तेज रफ्तार कार सड़क से उतरकर सीधे पुलिया के नीचे जा गिरी।

**आस-पास के लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला**

हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला और घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चालक राजकुमार (32 वर्ष), पिता शुभक सिंह धनगर, निवासी ग्राम भंगोलिया खींची, आष्टा को मृत घोषित कर दिया। कार में सवार ब्रजमोहन पिता जगदीश धनगर और जितेंद्र पिता लक्ष्मीनारायण धनगर को मामूली चोटें आईं। जीरन पुलिस ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

**एक नजर** — हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

# भादवा माता मंदिर में महाअष्टमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़, रातभर चला हवन

**नीमच। चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर आरोग्य तीर्थ भादवामाता मंदिर श्रद्धालुओं से गुलजार रहा। मालवा और मेवाड़ क्षेत्र से आए लगभग 50 हजार भक्त नंगे पांव या वाहनों से मंदिर पहुंचे और माता भादवा के दरबार में मत्था टेका। श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की।**

मंदिर परिसर में लंबी कतारें और व्यवस्थित दर्शन भोर से ही दर्शन के लिए मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगीं। प्रशासन ने इन्हें व्यवस्थित करने के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए।





नीमच-मनासा मार्ग पर देर रात तक भक्ति का माहौल बना रहा और जयकारों की गूंज सुनाई दी। कुछ श्रद्धालुओं ने चुनर यात्रा भी निकाली।

सेवा और भोजन की व्यापक व्यवस्था श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मार्ग में 60 से अधिक सेवा स्टॉल लगाए गए। सामाजिक संस्थाओं ने स्वल्पाहार और शीतल जल का वितरण किया। अन्नपूर्णा सेवा न्यास ने पूड़ी-सब्जी परोसकर भोजन कराया, जबकि नगरपालिका कर्मचारी संघ ने जेतपुरा फंटे पर आइसक्रीम बांटी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के नेतृत्व में गिरदौड़ा मार्ग पर देर रात तक साबूदाना खिचड़ी और फलाहार वितरण किया गया।

सुरक्षा व व्यवस्थाओं पर कड़ी निगरानी कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और एसपी अंकित जायसवाल ने पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी गई और प्रमुख सुरक्षा बिंदुओं पर पुलिस बल ने यातायात और पार्किंग व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा।

भव्य महाअष्टमी हवन और महाआरती महाअष्टमी का मुख्य आकर्षण भव्य हवन था, जो गुरुवार रात 10:30 बजे विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुआ। ग्राम पटेल द्वारा विशेष पूजा-अर्चना के बाद यह अनुष्ठान पूरी रात चलता रहा और शुक्रवार तड़के 4 बजे ब्रह्म मुहूर्त में पूर्ण हुआ। इसके बाद महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी रहे मौजूद इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार, एसडीएम संजीव साहू, सरपंच मिठूबाई, नवलकृष्ण सुरावत, प्रबंधक अजय ऐरन, मनीष दुबे और सचिव महेंद्र गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।